# महर्षि पाणिनि संस्कृत एवं वैदिक विश्वविद्यालय

**MAHARSHI PANINI SANSKRIT EVAM VEDIC VISHWAVIDYALAYA**

देवासमार्ग, उज्जैन (मध्यप्रदेशः) 456010

E-mail-regpsvvmp@rediffmail.com, Website-www.mpsvv.ac.in

क्र./मपासंवि/कु.स./2021/54 उज्जैन, दिनांक / /2021

## अधिसूचना

अधिसूचित किया जाता है कि मध्यप्रदेश शासन, उच्चशिक्षा, वल्लभ भवन, मन्त्रालय आदेश क्र. 529/605/2021/38-3 दिनांक 31.03.2021 तथा आयुक्त उच्चशिक्षा, भोपाल का आदेश क्र. 589/142/आउशि/शा-5 अ/2021 दिनांक 04.05.2021 के परिपालन में विश्वविद्यालय द्वारा कोविड-19 के संकट के चलते खुली किताब (Open Book) पद्धति द्वारा शास्त्री/बी.ए./बी.ए.ऑनर्स/बी.ए.बीएड. प्रथम वर्ष तथा द्वितीय वर्ष, आचार्य द्वितीय सेमेस्टर, एम.ए. द्वितीय सेमेस्टर की परीक्षायें अधोलिखित नियम-निर्देशों के अनुसार आयोजित की जायेंगी। सम्बन्धित महाविद्यालयों के प्राचार्यों से अनुरोध है कृपया निम्नलिखित दिशा निर्देशों के अनुसार आवश्यक कार्यवाही करें।

| क्र. | कार्यविवरण | दिनांक |
|---|---|---|
| 01 | विश्वविद्यालय द्वारा वेबसाइट पर प्रश्नपत्र अपलोड करने की तिथि | 15.07.2021 |
| 02 | परीक्षार्थियों द्वारा उत्तरपुस्तिकायें महाविद्यालय में जमा करने की अन्तिम तिथि | 25.07.2021 |
| 03 | महाविद्यालयों द्वारा विश्वविद्यालयों को उत्तरपुस्तिकायें भेजने की अन्तिमतिथि | 29.07.2021 |
| 04 | विश्वविद्यालय द्वारा परीक्षा परिणाम जारी करने की अन्तिम तिथि | 30.08.2021 |

1. विश्वविद्यालयों से सम्बद्ध सभी महाविद्यालय उत्तरपुस्तिका संग्रहण केन्द्र होंगे। महाविद्यालयों के प्राचार्य संग्रहण केन्द्र के प्रभारी होंगे। जो सन्दर्भित सभी निर्देशों का शत-प्रतिशत पालन करते हुए आवश्यक कार्यवाही समय सीमा में पूर्ण करने के लिए जिम्मेदार होंगे।
2. उत्तरपुस्तिका संग्रहण केन्द्र में परीक्षार्थी से केन्द्र शुल्क के रुप में जमा कराये गये प्रति छात्र रुपये 150 से परिव्यय किया जा सकेगा। जो निम्नानुसार होगा-

   * केन्द्राध्यक्ष/प्राचार्य के लिए - 25=00 प्रति छात्र
   * उत्तरपुस्तिका संग्राहक/लिपिक के लिए - 15=00 प्रति छात्र
   * संग्रहण केन्द्र के भृत्य/सेवक हेतु - 05=00 प्रति छात्र
   * पोस्टेज एवं अन्य परिव्यय हेतु - 15=00 प्रति छात्र

   कुलयोग — 60=00 प्रति छात्र

   शेष बची हुई केन्द्र शुल्क की राशि (प्रति छात्र 90 रुपये) विश्वविद्यालय के खाते में सम्बन्धित महाविद्यालय के प्राचार्य जमा करवायेंगे।
3. शास्त्री/बी.ए./बी.ए.ऑनर्स/बी.एड. प्रथम वर्ष तथा द्वितीय वर्ष एवं आचार्य/एम.ए. द्वितीय सेमेस्टर के परीक्षार्थियों की ओपन बुक परीक्षा 16 जुलाई से 24 जुलाई तक होना है। जिसके प्रश्नपत्र 15 जुलाई 2021 को विश्वविद्यालय की वेबसाइट www.mpsvv.ac.in पर उपलोड किये जायेंगे तथा आपके महाविद्यालय के ईमेल पर भी प्रेषित किये जायेंगे। परीक्षार्थी से सम्बन्धित सभी प्रश्नपत्रों को एक साथ उसके ईमेल पर, व्हाट्सएप पर या अन्य किसी सुरक्षित माध्यम से परीक्षार्थी को उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें।

4. कृपया परीक्षार्थी को सूचित करें कि परीक्षार्थी, निर्धारित समयसीमा में घर से ही ओपन बुक परीक्षा देगा। वह A4 साइज़ के पेपर में प्रश्नोत्तर लिखेगा तथा सभी प्रश्नपत्रों की उत्तरपुस्तिकायें एक साथ आपके महाविद्यालय/संग्रहण केन्द्र में दिनांक 25 जुलाई 2021 को सायं 05:00 बजे तक अनिवार्य रुप से जमा करेगा। यदि परीक्षार्थी व्यक्तिगत उपस्थित होकर उत्तरपुस्तिकायें महाविद्यालय में जमा करने में असमर्थ है तो उसे दिनांक 25 जुलाई 2021 तक रजिस्टर्ड डाक/स्पीड पोस्ट द्वारा उत्तरपुस्तिकायें अध्ययनरत संस्था/परीक्षा केन्द्र पर भेजना अनिवार्य होगा। नियत तिथि के पश्चात् भेजी गयी उत्तरपुस्तिकायें स्वीकार नहीं की जायेंगी।
5. महाविद्यालय द्वारा संग्रहीत सभी उत्तरपुस्तिकायें विषयवार तथा कक्षावार बण्डल बनाकर विश्वविद्यालय को 29 जुलाई 2021 तक अनिवार्यतः प्रेषित की जायें।
6. कृपया परीक्षार्थी को यह स्पष्ट निर्देश करेंगे कि प्रत्येक परीक्षार्थी A4 साइज़ के पेपर की स्वनिर्मित उत्तरपुस्तिका के प्रथम पृष्ठ पर संलग्रक-1 को चस्पा करेगा तथा आवश्यक जानकारी अनिवार्य रुप से भरेगा। प्रत्येक प्रश्नपत्र में 10 प्रश्न पूछे जायेंगे जिसमे से परीक्षार्थी को पांच प्रश्न हल करने होंगे।
7. महाविद्यालय के सभी छात्रों (नियमित/स्वाध्यायी) को समयानुसार आवश्यक जानकारी देना तथा उत्तरपुस्तिकायें प्राप्त करना महाविद्यालय के प्राचार्य की जिम्मेदारी होगी।
8. कोई भी परीक्षार्थी (नियमित अथवा स्वाध्यायी) परीक्षा से वंचित न रह जाये, इसका पूरा ध्यान रखा जाये।
9. उत्तरपुस्तिका हेतु पेपर की व्यवस्था परीक्षार्थियों को स्वयं करनी होगी।
10. परीक्षार्थी उत्तर लिखने के लिए नील/काले बाल पेन का उपयोग करें।
11. उतरपुस्तिका हस्तलिखित (Hand Written) होना अनिवार्य है। टाइप की हुई, प्रिंटेड अथवा कम्प्यूटराइज उत्तरपुस्तिकायें स्वीकार नही होगी।
12. विद्यार्थी समस्त उत्तरपुस्तिकाओं पर संलग्रक-1 फार्मेट चिपका कर/लगा कर (महाविद्यालय) में जमा करेगा। (फॉर्मेट इस अधिसूचना के साथ सलग्र है)
13. विश्वविद्यालय स्तर पर इस कार्य के लिए एक विशेष सेल की स्थापना की गई है, जहाँ पर परीक्षा संचालन के समय प्रतिकार्य दिवस 10:30 से 05:30 बजे तक सेल प्रभारी श्री ललित कुमार शर्मा से फोन नं. **9754043442** पर सम्पर्क किया जा सकता है।
14. छात्र महाविद्यालय में उत्तरपुस्तिका जमा करने के पश्चात् पावती आवश्यक रुप से प्राप्त करें। प्राचार्य/कार्यालय प्रमुख यह सुनिश्चित करें की परीक्षार्थी ने पावती प्राप्त की है। पावती में जमा उत्तरपुस्तिकाओं की संख्या आवश्यक रुप से लिखना होगा। परीक्षार्थियों को प्रदान की जाने वाली पावती का प्रारूप संलग्न है। इस हेतु छात्र से किसी भी प्रकार के शुल्क की मांग नही की जावेगी।

समस्त प्राचार्यों से अनुरोध है कृपया सन्दर्भित शासनादेश के अनुसार सत्र 2020-21 की परीक्षाओं का आयोजन तथा परीक्षा परिणाम तैयार करने हेतु आवश्यक कार्यवाही विश्वविद्यालय द्वारा जारी दिशा निर्देशों के अनुसार समय सीमा में पूरा करने का कष्ट करें।

**कुलसचिव**

क्र./मपासंवि/कु.स./2021/55 उज्जैन, दिनांक / /2021

**प्रतिलिपि:-**

1. मान. कुलपति, उपकुलपति, कुलसचिव जी के निज सहायक, महर्षि पाणिनि संस्कृत एवं वैदिक विश्वविद्यालय, उज्जैन ।
2. विभागाध्यक्ष, वि.वि. अध्यापन विभाग, महर्षि पाणिनि संस्कृत एवं वैदिक विश्वविद्यालय, उज्जैन ।
3. प्राचार्य, विश्वविद्यालय अध्यापन विभाग, म.पा.सं.वि.वि., उज्जैन
4. प्राचार्य, शासकीय संस्कृत महाविद्यालय, उज्जैन
5. प्राचार्य, शासकीय संस्कृत महाविद्यालय, रामबाग इन्दौर
6. प्राचार्य, शासकीय रामानन्द संस्कृत महाविद्यालय, लालघाटी भोपाल
7. प्राचार्य, शासकीय संस्कृत महाविद्यालय, देवेन्द्रनगर, जिला पन्ना
8. प्राचार्य, शासकीय संस्कृत महाविद्यालय, लश्कर ग्वालियर
9. प्राचार्य, शासकीय अभयानंद संस्कृत महाविद्यालय, कल्याणपुर, शहडोल
10. प्राचार्य, शासकीय वेंकट संस्कृत महाविद्यालय, रीवा
11. प्राचार्य, शासकीय पुरुषोत्तम संस्कृत महाविद्यालय, खजुरीताल, सतना
12. प्राचार्य, शासकीय संस्कृत महाविद्यालय, भीतरी, जिला सीधी
13. प्राचार्य, श्री रामनाम संस्कृत महाविद्यालय, चित्रकूट, जिला सतना
14. प्राचार्य, श्री राम संस्कृत महाविद्यालय, चित्रकूट, जिला सतना
15. प्राचार्य, ऋषिकुमार संस्कृत महाविद्यालय, चित्रकूट, जिला सतना
16. प्राचार्य, रावतपुरा सरकार संस्कृत महाविद्यालय, रावतपुरा धाम, जिला भिण्ड
17. प्राचार्य, नगरनिगम लोकनाथ शास्त्री संस्कृत महाविद्यालय, जबलपुर
18. प्राचार्य, श्री नारायण संस्कृत महाविद्यालय, कटनी
19. प्राचार्य, गणेश संस्कृत महाविद्यालय, गढ़ाकोटा, सागर
20. प्राचार्य, श्री पीताम्बरा पीठ संस्कृत महाविद्यालय, दतिया
21. विशेष कर्तव्यस्थ अधिकारी (परीक्षा), महर्षि पाणिनि संस्कृत एवं वैदिक विश्वविद्यालय, उज्जैन ।
22. डॉ. संकल्प मिश्र, आई.टी. सेल प्रभारी की ओर वेबसाईट पर अपलोड करने तथा महाविद्यालयों को ईमेल करने हेतु ।

**कुलसचिव**